कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नेरट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-05.07.2024

विषयः-आगामी त्यौहार मुहर्रम, रथयात्रा मेला व श्रावण मास कांवड़ यात्रा में शान्ति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत श्री मनीष कुमार शांडिल्य, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन द्वारा तहसील राजातालाब सभागार में गोमती जोन के समस्त थाना प्रभारी व सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ की गयी पीस कमेटी की बैठक।

आज दिनांक 05.07.2024 को श्री मनीष कुमार शांडिल्य, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन द्वारा तहसील राजातालाब सभागार में आगामी त्यौहार मुहर्रम, रथयात्रा मेला व श्रावण मास कांवड़ यात्रा में शान्ति/सुरक्षा, कानून व्यवस्था, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सद्भावना तथा आपसी भाई-चारा बनाये रखने हेतु पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में उपस्थित सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ताजियादारों, धर्मगुरुओं व मेला आयोजकों को शासन द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देश से अवगत कराते हुए आपसी भाईचारा सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। मीटिंग में उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके तत्काल समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। त्यौहार पर किसी भी नई परंपरा की शुरूआत न करने की अपील की गई। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु हिदायत दी गयी तथा कोई समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल सम्बंधित अधिकारी के सरकारी नम्बर पर संपर्क कर अवगत कराने हेतु अपील की गयी। इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को भी थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए आगामी त्यौहार को सकुशल व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त गोष्ठी के दौरान समस्त थानों के सम्भ्रान्त व्यक्ति, सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब व पिण्डरा तथा उप-जिलाधिकारी राजातालाब के साथ-साथ जलकल विभाग, बिजली विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्वस्थ्य विभाग के अधिकारी व गोमती जोन के समस्त थाना प्रभारी व पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

तत्पश्चात महोदय द्वारा थाना राजातालाब क्षेत्रान्तर्गत मुहर्रम/ताजिया व रथयात्रा मेला जुलूस हेतु निर्धारित रूट का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त

गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी